उत्तर प्रदेश के 79 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक/सेवा पदक

चर्चा में क्यों?

26 जनवरी, 2022 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के कुल 939 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक/सेवा पदक से सम्मानित किया गया, जिनमें उत्तर प्रदेश के 79 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- देश की सुरक्षा में अदम्य साहस का प्रदर्शन कर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर वीरता पुरस्कार (Gallantry Award) से सम्मानित किया जाता है।
- गृह मंत्रालय का पुलिस प्रभाग सराहनीय/विशिष्ट सेवा तथा शौर्य के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक पुरस्कारों आदि से जुड़े मामलों से संबंधित कार्य करता है।
- वर्ष 2022 के लिये वीरता पदक प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश के पुलिसकर्मी हैं-
  - उत्तर प्रदेश के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार को वीरता के लिये पुलिस पदक (पीएमजी) प्रदान किया गया।
  - विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक उत्तर प्रदेश के 5 पुलिसकर्मियों-विजय प्रकाश, श्रीपति मिश्रा, सुशील पांडेय, मिश्री लाल शुक्ला एवं कृष्णचन्द्र मिश्रा को दिया गया।
  - इसी प्रकार राज्य के 73 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिये पुलिस पदक प्रदान किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gallantry-medal-service-medal-to-79-policemen-of-uttar-pradesh